प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना की, कहा – इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा।

2- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्य सरकारों से की मदरसों के फंड को रोकने की सिफारिश, सभी बच्चों का स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित कराने की दी सलाह।

3- कांग्रेस और झामुमो के बीच जल्द होगा सीटों का बंटवारा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा – गठबंधन दल की बैठक में लिया जाएगा अंतिम निर्णय।

4- मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में मानसून के वापस होने की जताई संभावना, रांची समेत खूंटी, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा समेत अन्य जिलों में अगले तीन दिनों तक हो सकती है बारिश।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा है कि इस पहल ने भारत के बुनियादी ढांचे को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गतिशक्ति ने मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण वृद्धि की है और विभिन्न क्षेत्रों के तीव्र तथा कारगर विकास को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के एकीकरण से बहुत से लोगों के लिए नये अवसरों का सृजन हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गतिशक्ति से विकसित भारत के सपने को साकार करने में गति मिल रही है और इससे प्रगति, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

****

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राज्य सरकारों से मदरसों के फंड को रोकने की सिफारिश की है। आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में मदरसों के कामकाज को लेकर गंभीर चिंता जताई है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा है कि राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मदरसों में पढ़ने वाले सभी मुस्लिम बच्चों का स्कूलों में दाखिला हो। आयोग ने यह भी सलाह दी है कि मदरसों में पढ़ रहे गैर–मुस्लिम बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के आधार पर मुख्यधारा के स्कूलों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। आयोग ने एक रिपोर्ट के आधार पर कहा कि मदरसों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 से छूट देने पर बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

****

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आ सकते हैं। श्री गांधी यहां एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे। झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। बैठकों और मुलाकातों का दौर भी जारी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात की। रांची लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद गठबंधन दल की बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर निर्णय लिया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन (pminternship.mca.gov.in) पर 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

****

रामगढ़ जिले के पशुपालकों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है।

****

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड–एचएएल को 14वें महारत्न के रूप में मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव की सिफारिश वित्त सचिव की अध्यक्षता वाली अंतर–मंत्रालयी समिति और मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति ने की थी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड रक्षा उत्पादन विभाग का केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है। वर्ष 2023–24 में इसका सकल कारोबार 28 हजार 162 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ सात हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक है।

****

बोकारो स्टील प्लांट–बीएसएल के उप महाप्रबंधक मुनेंद्र कुमार की एक सड़क हादसे में मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि दुर्गापूजा घूमने निकले अधिकारी की कार एक तालाब में गिर गयी, जिससे यह हादसा हुआ। इधर, रांची के बुढ़मू प्रखंड में एक तेज रफ़्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकल पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में मानसून के वापस होने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी रांची समेत खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सरायकेला–खरसांवा, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम आदि जिलों में अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यह दक्षिण–पश्चिम मानसून की वापसी हो सकती है।

****